जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

# JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2021/smj/01 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शुक्रवार, 12 मार्च 2021


# सौम्या आप संघर्ष करो!!
# जयपुर आपके साथ है!!!

भाग-1



JMC Greater Mayor Somya Gurjar assumed charge on Friday.

## Na khaungi, na khane dungi, says Somya Gurjar



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

मेकिंग में आगे आना चाहिए

12/03/21

मिलीभगत से हो रहे अवैध निर्माण

## अवैध निर्माण की रोकी 40 फाइलें, खड़ी हो गई इमारतें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. अवैध निर्माण में मिलीभगत का खेल कैसे चल रहा है, यह गुरुवार को मालवीय नगर जोन कार्यालय में देखने को मिला। यहां करीब 40 अवैध निर्माण से संबंधित फाइलें तीन माह से दबाकर रख रखी थीं, जबकि, ... [illegible] ... अनिल कुमार बैरवा के पास अवैध निर्माण से संबंधित 40 फाइलें मिलीं। जिन पर बैरवा ने कोई टिप्पणी तक नहीं की ... जबकि जोन उपायुक्त ने ... फाइलों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दे रखे थे। महापौर ने जब इस बारे में कनिष्ठ अभियंता से पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। महापौर ने उक्त अभियंता के खिलाफ उचित कार्रवाई के निर्देश

### गैराज शाखा मिली 'खाली'

महापौर ने गैराज शाखा का भी औचक निरीक्षण किया। वहां पर सभी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उपायुक्त के पास हैरिटेज का भी चार्ज है। ऐसे में वे हैरिटेज में हूपरों को हरी झंडी दिखवा रहे थे। ... [illegible] ... निरीक्षण में ... लम्बित मिले। साथ ही सीवर ढक्कन ... बदलवाने ... गए हैं। महापौर ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

महापौर के निरीक्षण में खुली पोल

## आवश्यक कार्रवाई की फाइलें भी मिली पेंडिंग

जयपुर | नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का आमजन को फायदा हो रहा है या नहीं यह जांचने के लिए गुरुवार को ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर ने मालवीय नगर जोन व लालकोठी गैराज का औचक निरिक्षण किया तो पोल खुल गई। निरिक्षण के दौरान महापौर ने फाइले ... जो सामने आया ... [illegible] ... करीब 40 पत्रावलियां कनिष्ठ अभियन्ता के पास पेंडिंग मिली, जो 2-3 माह से भी अधिक समय से ... [illegible] ... कुछ पत्रावलियों का अवलोकन किया तो सामने आया की कई वर्षों से लम्बित ही पड़ी है। इसे देख महापौर ने नाराजगी जताई।

लाल कोठी गैराज ...

# भ्रष्ट और नाकारा अधिकारीयों/कर्मचारियों के विरुद्ध महापौर महोदय!!

2 • www.eyemantra.com • Available at all

## शिकायत पर मानसरोवर में अवैध निर्माण स्थल पर पहुंचीं ग्रेटर महापौर सौम्या

जयपुर | मानसरोवर जोन में स्वर्ण पथ पर चल रहे अवैध निर्माण की परिवादी से शिकायत प्राप्त होने पर महापौर सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को सतर्कता शाखा के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंची। निर्माण कार्य बंद होने की रिपोर्ट प्राप्त होने के बावजूद मौके पर निर्माण कार्य चालू मिला, जिस पर महापौर के निर्देश पर निर्माण उपकरणों को जब्त किया गया। साथ ही बिल्डिंग को सीज करने के निर्देश दिए। इस मामले में उपायुक्त मानसरोवर से रिपोर्ट तलब की गई थी। इसमें निर्माण कार्य बंद होने की रिपोर्ट दी गई थी। जोन उपायुक्त को क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माणों के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं।

## मेयर के दौरे के बाद निगम के अवैध निर्माण सीज किए

जयपुर | जगतपुरा जोन में ग्रेटर नगर निगम महापौर के दौरे के बाद में नगर निगम के अधिकारी अलर्ट हो गए है। दरअसल दौरे के दौरान महापौर सौम्या गुर्जर को अवैध निर्माण चलने की शिकायते मिली थी। ऐसे में मेयर ने अफसरों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी और कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मेयर के आदेशों के बाद गुरुवार को मालवीयनगर जोन व सतर्कता शाखा की टीम ने जोन में पांच अलग-अलग चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को रूकवाया और बिना निगम की स्वीकृति के निर्माण करने पर सीज कर दिया।

# शहर में हो रहे अवैध निर्माणों के विरुद्ध महापौर महोदया!!

डिजि

## अस्थाई अतिक्रमण हटाए, पांच भूखंड किए सीज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. ग्रेटर नगर निगम की सतर्कता शाखा और मालवी जोन की टीम ने मनोहरपुरा बस्ती और प्रेम नगर से बड़ी में अस्थाई अतिक्रमण बालाजी मोड़ तिराहे पर ... र कार्रवाई कर ... हुए ... हटाकर सामान ... में 3 हजार ... जुर्माना ... गया।

बिल्डिंग बाइलॉज का उल्लंघन करने पर पांच निर्माणों को निगम की टीम ने सीज किया। बरकत नगर स्थित भूखंड संख्या 1204, शिव ...

सीज को खुर्द-बुर्द करने वाले भूस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## मालवीय नगर और मानसरोवर में 3 अवैध निर्माण सीज

जयपुर। आयुक्त यज्ञ मित्र सिंहदेव के निर्दे... कार्यवाही करते हुये ... सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति ... मानचित्र अनुमोदन करवाये बिना हो रहे 3 अवैध ... भूमि पर ... द्वारा

व्यवसायिक उद्देष्य से तहखाना व भूतल ... अवैध निर्माण करने पर 1... व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी और परिसर को पुनः सीज किया गया। उन्होंने ... व्यवसायिक ... बनाया जा



राजापा... मकान... उप... सुरेश ...धरी इसे सीज क्यों नहीं

## पार्षद ढूंढेंगे अवैध निर्माण और निगम के खाली भूखंड

जयपुर | नगर निगम ग्रेटर में मानसरोवर में अफसरों की अवैध निर्माण में मिलीभगत सामने आने के बाद अब अवैध निर्माण कार्यों पर सख्ती करने के लिए अफसर व महापौर ने बड़ी तैयार कर ली है। अब वार्ड स्तर पर चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को चिह्नित करके ग्रेटर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ग्रेटर निगम में सभी जोन के पार्षद अपने-अपने वार्ड में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को चिन्हित करके रिपोर्ट निगम मुख्यालय को देंगे। ताकि निगम के अफसर उस पर कार्रवाई करे। इस संबंध में महापौर सौम्या गुर्जर ने हाल ही में अफसरों को भी मानसरोवर में कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण कार्यों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए है। मानसरोवर जोन में चल रहे अवैध निर्माण में अफसरों की मिलीभगत सामने आई है। ऐसे में वार्ड पार्षदों को अभियान में शामिल किया जाएगा। ग्रेटर नगर निगम में 150 पार्षद है। उधर, हैरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने सभी वार्ड पार्षदों को अपनी वार्ड में नगर निगम के खाली प्लाटों को चिह्नित करके उनकी रिपोर्ट मांगी है।



# News Update

मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने जयपुर के 5 स्टार कोकून हॉस्पिटल में परमपिता परमेश्वर की कृपा से मौनी अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5.14 बजे पुत्र को दिया जन्म

## ग्रेटर मेयर डॉ सौम्या गूर्जर को पुत्ररत्न

बड़े दिनों में खुशी का दिन आया, आज कोई ना पूछे मुझसे मैंने क्या पाया, मेरे घर आया एक नन्हा राजकुमार, एक नन्हा राजकुमार, चांदनी के हसीन रथ पे सवार मेरे घर आया एक नन्हा राजकुमार

## मदर मेयर; रात 8:30 बजे तक मीटिंग ली, सुबह सवा 5 बजे डिलीवरी, 3 दिन बाद ही काम भी संभाल लेंगी

**10 दिन बाद बच्चे के साथ ऑफिस जॉइन करेंगी**

**पोस्ट में लिखा- *काम ही पूजा***

जयपुर | यह तस्वीर दूसरी बार मां बनी जयपुर ग्रेटर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर की है। सौम्या ने गुरुवार सुबह 5:14 बजे बेटे को जन्म दिया। खास बात यह है कि सौम्या प्रसव तक काम में जुटी रहीं। बुधवार रात 8:30 बजे तक निगम अफसरों की बैठक ली। रात 9:21 बजे निगम के काम से संबंधित वीडियो रिलीज किया। सुबह बच्चे के जन्म की जानकारी भी खुद सोशल मीडिया पर दी। मेयर ने भास्कर को बताया- सोमवार से घर पर फाइलें देखूंगी। दस दिन बाद बच्चे के साथ ऑफिस पहुंचूंगी।

शी पावर... प्रसव के आठ घंटे पहले तक ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में ही थीं

## महापौर ने रात नौ बजे तक बैठक की, सुबह पांच बजे दिया बच्चे को जन्म

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने नारी शक्ति की मिसाल पेश की है। कर्तव्य के प्रति समर्पण दिखाते हुए महापौर प्रसव के आखिरी दिनों में भी नियमित रूप से निगम मुख्यालय आ रही थीं और आम दिनों की तरह कामकाज निपटा रही थीं। वे प्रसव से आठ घंटे पहले तक बुधवार को रात नौ बजे निगम से काम निपटाने के बाद घर निकली थीं। महापौर ने मार्च में शुरू होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने नवनिर्वाचित चेयरमैन को रूम अलॉट करने पर भी अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद वे घर चली गईं। रात करीब 1:00 बजे अस्पताल में भर्ती हुईं। सुबह पांच बजे उन्होंने बच्चे को जन्म दिया। सुबह 7:41 बजे महापौर ने ट्वीट के जरिए खुशी को साझा किया। उन्होंने लिखा कर्म ही पूजा है।

रात नौ बजे तक बैठक में मौजूद तथा प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती महापौर सौम्या गुर्जर।

**इंदौर में आयुक्त ने भी पेश की थी मिसाल**

इंदौर नगर निगम की आयुक्त प्रतिभा पाल ने भी ऐसी ही मिसाल पेश की थी। 12 जनवरी को उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया था। इससे पहले वे 12 घंटे तक नगर निगम में ही सामान्य दिनों की तरह कामकाज करती रही थीं।

// drsomyagurjar



प्रसव के चार दिन बाद संभाला काम, पत्रावलियों का किया निस्तारण

## ग्रेटर महापौर का ग्रेट वर्क...

पंजाब केसरी/जयपुर

ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। प्रसव के महज चार दिन बाद महापौर ने काम शुरू किया। सोमवार को उन्होंने अपने निजी आवास पर पेंडिंग पत्रावलियों को निस्तारण किया। इस दौरान निगम अधिकारियों से वर्किंग की जानकारी ली। महापौर ने कहा कि निगम से जुड़ा कोई काम रूकना नहीं चाहिए। शहर के विकास का संकल्प लिया है उसे पूरा करना है। मंगलवार से जनसुनवाई शुरू की जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू होने वाला है, समिति चेयरमैन को कार्यालय अलॉट करने होने हैं। इस तहर के अन्य कार्य है जो सीधे तौर निगम व आमजन से जुड़े है। इस संबंध अधिकारियों को निर्देश दिए है कि किसी तरह की लापरवाही न बरते। बता दे कि नगर निगम से जुड़े कार्यों के निस्तारण को लेकर महापौर ने अपने निजी आवास पर कार्य शुरू कर दिया है। सोमवार को एक दर्जन से ज्यादा पत्रावलियों का महापौर ने निस्तारण किया। खास बात यह है कि प्रसव काल में अक्सर प्रसुताएं आराम करती है। सरकारी नौकरी से जुड़ी महिला कर्मचारी व अधिकारी मातृत्व अवकाश पर रहती है, लेकिन महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने प्रसव के चार दिन बाद कार्य शुरू कर एक मिसाल पेश की है। हालांकि महापौर ने कहा कि गांवों की महिलाएं प्रसव के कुछ दिन बाद घर व खेत में काम करना शुरू कर देती है। उनसे सिखने को मिलता है। गौरतलब कि 11 फरवरी को महापौर ने बेटे को जन्म दिया था। इसके आठ घंटे पहले वह नगर निगम में अधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण विषय पर मीटिंग ले रही थी।

महापौर ने अपने निजी आवास पर किया पत्रावलियों का निस्तारण।

पंजाब केसरी Tue, 16 February 2021 mpaper.punjabkesari.com/c/58481321

# जयपुर शहर के विकास को समर्पित महापौर महोदय!!



महापौर ने निगम मुख्यालय में पुनः सम्भाला काम काज

जयपुर की जनता को परेशानी में छोड़कर कैसे आराम कर सकती हूं: डॉ. सौम्या

New mom Dr Somya back to work

First India Bureau

Jaipur: The mayor of Jaipur Greater Municipal Corporation Dr Somya, who delivered a baby 14 days back, resumed office on Thursday and finished routine works.

Gurjar had worked in the office a few hours before she gave birth to a baby boy. She also started working from home few days after the delivery and on Thursday she reached her office in the corporation headquarters and started office working. All this while, she remained in touch with officials and took feedback about development works. Her dedication and spirit to work has surprised the officials. 'As a responsible Mayor, I could not stay at home. I understand the importance of duty and hence I am doing my work while fulfilling the responsibility of a mother,' she said.

Dr Somya resumes work at JMC Greater office on Thursday

आयरन लेडी साबित हुई मेयर सौम्या गुर्जर

प्रसव के 4 घंटे पहले छोड़ा और 14 दिन बाद संभाला काम-काज

कार्यालय में केक काटकर कार्य की शुरुआत

महापौर ने संभाला काम, 4 घंटे ऑफिस में रहीं मौजूद

## जयपुर ग्रेटर का पदभार सँभालने से लेकर आज तक के चंद महीनों के कार्यकाल में छोड़ी जनता के ह्रदयपटल पर गहरी छाप

गत वर्ष नवम्बर माह में डा. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम जयपुर ग्रेटर का पदभार संभाला था तक से लेकर आज तक के चंद महीनो में ही उन्होंने अपने कामों से जयपुर की जनता के ह्रदय पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है|अपने नवाचारों के दम पर ही वह अपने समकालीन अन्य महापौरों से कई कोस आगे चल रही है|यही वजह है कि नगर निगम का ख्याल आते ही जयपुर ग्रेटर की छवि और उससे जुडी खबरे ही हमारे मस्तिष्क पटल पर उभरती है|

## विषम परिस्थितियों में दृढता पूर्वक खड़ी है महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर

ऐसा नहीं है कि डा. सौम्या गुर्जर के सामने चुनौतियाँ नहीं है,वह चुनौती चाहे राज्य सरकार की तरफ से हो या विपक्षी नेताओं,स्थानीय कांग्रेसी विधायकों,मंत्री की तरफ से|लेकिन हर विषम परिस्थितियों में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर दृढता पूर्वक खड़ी नजर आ रही है |

## महापौर के समक्ष खड़ी प्रमुख समस्याएं:-

अवैध निर्माण|

अवैध होर्डिंग|

गंदगी और सफाई व्यवस्था|

निगम की घटती आय|

राज्य सरकार द्वारा पक्षपात की निति|

अवैध डेयरियाँ|

आवारा पशु|

मीट माफिया|

अवैध बस्तियाँ|

निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार|

यू.डी. टैक्स/गृह कर में वसूली|

**महापौर महोदया, जयपुर के सतत विकास में जयपुर की जनता आपके साथ है!!!**

*केन्द्रीय सरकार की मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मिडिया आचार संहिता के तहत जारी :-* ***www.jawabdosarkar.com*** *शासन के विभिन्न अभिकरणों में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित करने हेतु स्थापित ऑनलाइन मिडिया प्लेटफार्म है| अपने उत्तरदायित्वों की पूर्ति हेतु पोर्टल द्वारा समय समय पर अपने अभियानों के माध्यम से विभिन्न विषयों / मुद्दों/ समस्याओं के सम्बन्ध में तथ्यपरक रिपोर्ट्स का प्रकाशन किया जाता है| पोर्टल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स को उससे सम्बंधित सभी पक्षों / प्रभावितों और व्यापक जन हित में अधिकतम व्यक्तियों तक पहुचाना पोर्टल की पारदर्शिता निति का हिस्सा मात्र है| पोर्टल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स का किसी व्यक्ति/ संस्था/ जाति/धर्म / संप्रदाय विशेष से कोई सम्बन्ध नहीं है| पोर्टल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स के सम्बन्ध में अपना पक्ष/ सुझाव/ आपत्तिमय सम्बंधित तथ्यों/ दस्तावेजों के पोर्टल के आधिकारिक पते:-S-1,* ***सेकंड फ्लोर,झारखण्ड अपार्टमेंट,जनरल सगत सिंह मोड़ खातीपुरा रोड,जयपुर*** *अथवा ईमेल :-jawabdosarkar01@gmail.com अथवा व्हाट्सअप न. 9828346151 पर प्रेषित कर सकते है| आपके पक्ष/ सुझाव/ आपत्ति को उचित होने पर इस रिपोर्ट के अगले अंक में प्रकाशित कर दिया जायेगा|*